


MPHIN/2021/83938

# दैनिक पुष्पांजली टुडे



नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 192 | ग्वालियर, शुक्रवार 22 मार्च 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## न्यूज ट्रैक

### जाति जनगणना को लेकर आनंद शर्मा की चिट्ठी पर बोली भाजपा- सच्चाई सामने आ रही है, कांग्रेस में ही एका नहीं है



*__नई दिल्ली।__ जाति जनगणना के मसले पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा द्वारा लिखी गई चिट्ठी को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि अब सच्चाई सामने आ रही है, कांग्रेस में ही इस मसले पर एका नहीं है और उनको इस पर जवाब देना चाहिए। आनंद शर्मा द्वारा लिखी गई चिट्ठी के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता ही इस मसले (जाति जनगणना) पर ऑन बोर्ड (एक) नहीं हैं और अब सच्चाई सामने आ रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखकर कांग्रेस पार्टी द्वारा जाति आधारित जनगणना को लेकर चलाए जा रहे चुनावी अभियान पर कड़ी आपत्ति जताई है। शर्मा ने अपने पत्र में खड़गे को लिखा, ये देश हित में नहीं है और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की विरासत का अनादर करने के समान है। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी लगातार जाति जनगणना का मुद्दा उठाकर इसे चुनावी मुद्दा बनाने का प्रयास कर रहे हैं और ऐसे में आनंद शर्मा की इस चिट्ठी को राहुल गांधी के राजनीतिक अभियान पर पार्टी के अंदर से ही एक बड़े राजनीतिक हमले के तौर पर देखा जा रहा है।*

### हजारीबाग में बालू से लदे ट्रक ने 6 लड़कियों को रौंदा

*__रांची।__ हजारीबाग जिले के टाटीझरिया थाना क्षेत्र में बालू लदे हाईवा ट्रक ने छह लड़कियों को रौंद दिया। सभी गंभीर रूप से जख्मी हो गई हैं, जिन्हें इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज में दाखिल कराया गया है। बताया गया कि पुलिस बहाली की तैयारी कर रही लड़कियां खैरा-बरकट्ठा रोड के किनारे दौड़ लगा रही थीं। इसी दौरान एक तेज रफ्तार हाईवा ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया और अनियंत्रित होकर एक नाली में घुस गया। इधर लड़कियां काफी देर तक वहीं पड़ी रहीं। बाद में एक व्यक्ति की नजर लड़कियों पर पड़ी, तो उसने इसकी सूचना स्थानीय लोगों को दी। सभी को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हजारीबाग मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भेजा गया। पुलिस ने गाड़ी को अपने कब्जे में ले लिया है।*

## सोनिया गांधी का बड़ा आरोप

# कांग्रेस को आर्थिक रूप से कमजोर करने की कोशिश

> कांग्रेस के फंड विवाद के बीच सोनिया गांधी ने गुरुवार को तीखा हमला बोला. पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सोनिया गांधी ने कहा कि, कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगू करने के लिए एक व्यवस्थित प्रयास किया गया है.

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के फंड विवाद के बीच सोनिया गांधी ने गुरुवार को तीखा हमला बोला. पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के साथ एक प्रेस



कॉन्फ्रेंस में सोनिया गांधी ने कहा कि, कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगू करने के लिए एक ÷व्यवस्थित प्रयास किया गया है. सोनिया गांधी ने कहा कि, जनता से एकत्र किए गए धन को रोका जा रहा है और हमारे खातों से जबरन पैसा निकाला जा रहा है. हालांकि, इन सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी, हम अपने चुनाव अभियान की प्रभावशीलता को बनाए रखने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं.

गौरतलब है कि, पार्टी फंड विवाद के मामले में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष खड़के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई है, जिसमें कांग्रेस का बैंक अकांउट फ्रीज करने को अलोकतांत्रिक करार दिया है. वहीं कॉन्फ्रेंस में मौजूद कांग्रेस नेता अजय माकन ने भी इसकी जमकर निंदा की है. उन्होंने कहा कि, कांग्रेस को पंगु बनाने की कोशिश हो रही है. उन्होंने बोला कि, हम पार्टी का प्रचार नहीं कर पा रहे हैं. हमारी पार्टी का अकाउंट फ्रीज कर दिया गया है. हम अपने चंदे का पैसा इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं. विज्ञापन के कामों के लिए पार्टी के पास पैसे नहीं है. इसके साथ ही सोनिया गांधी ने बोला कि, चुनावी बॉन्ड का मुद्दा काफी गंभीर, यह लोकतंत्र पर हमला है.

# भारत ने आईटी और सॉफ्टवेयर सेक्टर में अपनी छाप छोड़ीः पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे स्टार्टअप महाकुंभ में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना संबोधन दिया. इस दौरान उन्होंने भारत में बढ़ते स्टार्टअप कल्चर का जिक्र किया. साथ ही आईटी और सॉफ्टवेयर सेक्टर में भारत के बढ़ते रुतबे के बारे में बताया. पीएम मोदी ने कहा कि, आज जब देश 2047 के विकसित भारत के रोडमैप पर काम कर रहा है ऐसे समय में स्टार्टअप महाकुंभ का बहुत महत्व है. बीते दशकों में हमने देखा है कि भारत ने कैसे आईटी और सॉफ्टवेयर सेक्टर में अपनी छाप छोड़ी है. अब हम भारत में इनोवेशन और स्टार्टअप कल्चर का ट्रेंड लगातार बढ़ता हुआ देख रहे हैं, इसलिए स्टार्टअप की दुनिया के आप सभी साथियों का इस महाकुंभ में होना बहुत मायने रखता है. पीएम मोदी ने कहा कि आमतौर पर व्यापारी लोग जब चुनाव आते हैं, तो सोचते हैं कि अभी रहने देते हैं जब नई सरकार आएगी, तो उस हिसाब से देखेंगे.



पीएम मोदी ने कहा कि लेकिन आज आप इतनी बड़ी संख्या में यहां आए हैं, तो आपको पता है कि अगले पांच साल क्या होने वाला है. पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि, आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है. भारत में आज सवा लाख रजिस्टर्ड स्टार्टअप हैं. इनसे करीब 12 लाख नौजवान जुड़े हुए हैं. पीएम ने कहा कि हमारे पास 110 यूनिकॉर्न हैं. स्टार्टअप ने 12000 पैटेंट फाइल किये हैं. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज देश के छोटे शहरों के युवा भी स्टार्टअप कर रहे हैं. योगा और आयुर्वेद में भी खूब स्टार्टअप आ रहे हैं. स्पेस जैसे सेक्टर में भी नए बिजनस आ रहे हैं. ऑलरेडी हमारे स्टार्टअप स्पेस शटल लॉन्च करने लगे हैं. पीए मोदी ने कहा कि भारत की युवा शक्ति का सामर्थ्य आज पूरी दुनिया देख रही है. उन्होंने कहा कि देश ने स्टार्टअप इकोसिस्टम तैयार करने के लिए काफी कदम उठाए हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहाकि, पहले हमारे यहां पढ़ाई का मतलब नौकरी और नौकरी का मतलब सिर्फ सरकारी नौकरी होता था. लोग बेटियों के लिये सिर्फ सरकारी नौकरी वाला लड़का देखना चाहते थे. लेकिन आज ये सोच बदल रही है. कोई पहले बिजनेस की बात करता था, तो सोचता था कि यार पैसे कहां से लाऊं.

### बेगूसराय में बैंक डकैती की वारदात पांच बदमाशों ने लूटे 20 लाख रुपये

**नई दिल्ली।** बेगूसराय में गुरुवार सुबह 5 बदमाशों ने डकैती की वारदात को अंजाम दिया. बदमाशों ने हर-हर महादेव चौक स्थित एचडीएफसी बैंक से 20 लाख रुपये लूटकर फरार हो गए. बताया जा रहा है कि, डकैत ग्राहक बनकर बैंक में दाखिल हुए थे और हथियार के दम पर स्टाफ को बंधक बनाने के बाद लूट की वारदात को अंजाम दिया था. इसके बाद फरार होते वक्त बदमाशों ने स्टाफ को अंदर से बैंक शटर को बंद करने को कहा. फिर सभी बदमाश बाइक से जीरो माइल की तरफ आराम से भाग गए. वारदात की इत्तला पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर बैंक का शटर खोला. गौरतलब है कि, एचडीएफसी बैंक में डकैती की वारदात से पहले बदमाशों ने इसकी पूरी प्लानिंग की थी. मिली जानकारी के अनुसार, बदमाशों ने पहले काली स्थान के समीप कोटक महिंद्रा में लूट की कोशिश की थी, मगर सायरन बजने की सूचना पर नगर थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मौके पर पहुंच गए. मगर इसके बाद बदमाशों ने हरहर महादेव चौक स्थित एच डी एफ सी मुख्य शाखा को अपना निशाना बनाया और दर्जन भर से अधिक ग्राहक और कर्मचारी की मौजूदगी के बीच डकैती की वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए. पहले 20 से 22 वर्ष उम्र के पांचों बदमाश ग्राहक बनकर बैंक में दाखिल हुए, बैंक में घुसते ही बदमाशों ने स्टाफ को निशाने पर लेकर कैश काउंटर से दो बैगों में नोटों की गड्डियां भर ली. इसके बाद बदमाशों ने अन्य ग्राहकों को लाइन में नीचे बैठा दिया. काउंटर पर लूटपाट की वारदात खत्म होने के बाद कुछ स्टाफ के साथ मारपीट की. एसपी मनीष ने वारदात से जुड़ी ज्यादा जानकारी देते हुए बताया कि, प्रथम दृष्टया 20 लाख के लूट की जानकारी मिली है.



STORME SMART SOLUTIONS
अपने स्वयं की गाड़ी चलाओ पैसे कमाओ
कमायें 5000 रु. प्रति माह



अपनी गाड़ी 300 Km. चलाओ
5000/- प्रतिमाह कमाओ
9908750812, 8602854455, 9244933139
Old Railway Line, Near Sciendia Chauraha, Shatabdi Puram
Gwalior, Madhya Pradesh 474020
Website : www.stormesmartsolutions.com

# आबकारी आयुक्त द्वारा मदिरा की अवैध बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान





**संदीप प्रधान दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

कलेक्टर दतिया श्री संदीप माकिन एवं उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता श्री प्रमोद कुमार झा के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी दतिया श्री राकेश राणा के मार्गदर्शन में वृत्त सेवड़ा, दतिया (८) एवं दतिया (ब) के प्रभारी टी आर वर्मा द्वारा निम्न कार्यवाही की गई।

(1) मुस्तकीम पिता वहिद खान, उम्र 28 वर्ष, निवासी सेवड़ा बस स्टैंड पर 18 पाव पाव अंग्रेजी सनी के मदिरा।

(2) भांडेर रोड इंदरगढ़ ,अज्ञात पर 20 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा।

(3) लीलावती पत्नी रहमान कंजर उम्र 60वर्ष नि प्रकाश नगर से रेलवे स्टेशन दतिया पर 6ली.हाथ भट्टी मदिरा

(4)शीला पत्नी परम कंजर उम्र 60वर्ष नि. प्रकाश नगर कंजर डेरा से5ली. हाथ भट्टी मदिरा हडा पहाड़ दतिया पर जब्त कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क के अंतर्गत 04 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए एवं कुल 34 बल्क लीटर हाथभट्टी मदिरा जप्त की गई जप्त मदिरा का अनुमानित मूल्य 8000 रुपए है उक्त कार्यवाही में आबकारी मुख्य आरक्षक श्री शारदा प्रसाद तिवारी आबकारी आरक्षक श्रीसंजय शर्मा श्री विकास पाठक ,महिला आरक्षक सुश्री यशनिका यादव एवं वाहन चालक श्री अजय गौतमका सराहनीय योगदान रहा।

# श्री हरिवृद्ध आश्रम में अभियंताओं ने वृद्ध जनों से लिया आशीर्वाद

भोपाल/विदिशा। म.प्र. पंचायत एवं ग्रामीण विकास अभियंता संघ के प्रांताध्यक्ष इंजी. धर्मेंद्र सिंह तोमर, प्रांतीय कोषाध्यक्ष इंजी.संजय वानखेड़े, संभागीय अध्यक्ष इंजी. जितेंद्र अहिरवार के नेतृत्व में तथा इंजी. राजेंद्र गजभिए जिला संरक्षक (कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग) के मार्गदर्शन में संघ की जिला इकाई विदिशा के इंजी. राजेश शर्मा अध्यक्ष एवं इंजी.के.के.जाटव कार्यकारी जिलाध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंजी.आर के दुवे सहायक यंत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंजी. एस के पटेल जी सहायक यंत्री, सचिव दिनेश दांगी, कोषाध्यक्ष इंजी. हिमानी डेहरिया, उपाध्यक्ष पवन शर्मा, मीडिया प्रभारी इंजी.जी एस चौहान , सह सचिव इंजी.एस एन भार्गव, इंजी. छविकांत शर्मा, इंजी. सुनील विश्वकर्मा, इंजी. शानुजैन, इंजी.ललिता कावरे सहित जिले के समस्त ब्लॉक के जिला अध्यक्ष एवम सचिव सहित जिले के अभियंता साथियों ,ने पुराना अस्पताल परिसर में संचालित श्री हरिवृद्ध आश्रम में 280



लीटर रेफ्रिजरेटर दान किया। इस अवसर पर वृद्ध जनों को संघ के सदस्यो द्वारा भोजन कराकर आशीर्वाद प्राप्त किया। संघ के जिला संरक्षक श्री राजेंद्र गजभिए (कार्यपालन यंत्री) द्वारा अपने उद्बोधन में बताया गया कि भविष्य में भी सामाजिक कार्य संघ द्वारा जारी रहेंगे । संघ के प्रान्त अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि संघ द्वारा पूरे प्रदेश में सामाजिक कार्य किए जा रहे है, कोरोना काल में भी संघ ने प्रदेश के अधिकांश जिला में ऑक्सिनेटर मशीन, सिलेंडर एवं अन्य सहायता की थी ,भविष्य में भी ये क्रम जारी रहेगा । इस अवसर पर आश्रम के संचालक एवं समाजसेवी वेद प्रकाश शर्मा ने अभियंता साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि अभियंता देश निर्माण में अपना योगदान तो देते ही है और सामाजिक कार्यों में भी इनका योगदान, आश्रम में वृद्ध जनों कि सेवा में जो आगामी गर्मियों की दृष्टिगत रखते हुए, आवश्यक खाने कि वस्तुएं सुरक्षित रहें हेतु 280 लीटर का रेफ्रिजरेटर*दान किया है। इस अवसर पर सभी वृद्ध जन प्रसन्न नजर आए।

# आगामी होली त्यौहार को लेकर थाना जैतवारा में ली गई शांति समिति की मीटिंग

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी, ब्यूरो चीफ**


सतना। थाना परिसर जैतवारा में थाना प्रभारी जैतवारा एवं तहसीलदार महोदय जैतवारा की उपस्थिति में थाना क्षेत्र के सभ्रान्त / गणमान्य नागरिक, मीडिया बन्धुओं की उपस्थिति सहित करीब 70 लोगों की संख्या की उपस्थिति में शांति समिति की मीटिंग ली गई । शांति समिति की मीटिंग में आगामी त्यौहार होलिका दहन को लेकर शांतिपूर्ण तरिके से होली का त्यौहार मनाये जाने के साथ- साथ ध्वनि विस्तारक यंत्रों (लाऊड स्पीकर / डी0जे0 /सम्बोधन प्रणाली), मादक पदार्थों का सेवन न करने व धारा 144 लागू होने से अत्यधिक भीड समायोजन न करने , अवैध शराब पर अंकुश लगाने, आदर्श आचार संहिता की बात कही गई जिसमें उपस्थित नागरिकों के द्वारा अपनी सहमति जताई है ।




# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की छापामार कार्यवाही जारी

## खरगोन मेला ग्राउंड से मावा मिठाई, सेव, जलेबी, खजूर के लिए नमूने

**खरगोन जिले से मुन्ना खान**
**ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**



आमजन को मिलावट रहित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए जिले में मिलावट से मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों की सतत जांच की जा रही है। इसी कडी में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने खरगोन मेला ग्राउंड पर खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता की जांच के लिए विशेष अभियान चलाकर छापामार कार्यवाही की है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने खरगोन मेला ग्राउंड हाट बाजार से 08 खाद्य प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र किए हैं। आकाश पिता श्री रामेश्वर वर्मा से खजुर का, राजेन्द्र पिता श्री दिनेश वर्मा से चनादाल नमकीन का, राहुल पिता श्री मांगीलाल कुशवाह से मुंगफली के दाने का, महेश पिता श्री रमेश वर्मा से जलेबी एवं बेसन का, हिरालाल पिता श्री शिवराम यादव से खडा धनिया का, चिराग पिता श्री फयाज शेख से खडी काली मिर्च का, रवि पिता श्री बाबुलाल वर्मा से मावा मिठाई एवं चकती का तथा अजय पिता श्री बाबुलाल यादव से सेंव नमकीन का नमूना एकत्र किया गया है। प्रयोगशाला जांच में खाद्य सामग्री के नमूने अमानक पाये जाने पर संबंधित विक्रेताओं के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत वैद्यानिक कार्यवाही की जावेगी। आगामी समय में समस्त जगह विशेष अभियान चलाकर दुध एवं दूग्ध से बने उत्पाद एवं अन्य खाद्य सामग्री का विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर विधिवत कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। इस कार्यवाही में श्री आरआर सोंलकी एवं एनएस सोंलकी खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित थे।

# बनने के साथ ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने लगा एक्सचेंज रोड का नाला

## घटिया सामग्री और धीमी गति बनी रहवासियों के जी का जंजाल

**अभिषेक कुशवाह**

**सिरोंज।** स्थानीय वार्ड क्रमांक 02 में शिव मंदिर से लेकर एक्सचेंज कार्यालय तक शुरू हुए नाला निर्माण में ठेकेदार की मनमानी ओर अधिकारियों की लापरवाही से पलीता लगाया जा रहा है। कछुआ चाल से हो रहे इस नाला निर्माण में घटिया एवं मानक अनुसार निर्माण सामग्री के उपयोग नही करने और स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा बार बार मौखिक रूप से चेताने के बाद भी गुणवत्ता में सुधार नही होने पर पूर्व पार्षद सचिन शर्मा ने लिखित में शिकायत दर्ज करवाई है। उल्लेखनीय है कि स्थानीय नागरिकों की माँग पर ओर वार्ड के नागरिको की सुविधा के लिए मुख्य मार्ग पर गंदे पानी की निकासी के लिए बहुप्रतीक्षित नाला निर्माण का कार्य विगत दिनों प्रारम्भ किया गया था लेकिन नाले का काम शुरू होने के साथ ही स्थानीय दुकानदारों एवं नागरिकों के लिए जी का जंजाल बनता जा रहा है। हालात यह है कि इस नाले के शुरुआती दौर में ही इतनी घरती खुदाई कर दी गई है कि एक आदमी इसमें समा जाए। अगर यही हाल रहा तो अंतिम छोर तक पहुँचने पर गहराई का आंकलन कितना होगा समझ से परे है। दूसरी ओर गुणवत्तापूर्ण निर्माण सामग्री का उपयोग नही करने से नाले में जगह जगह दरारें भी साफ नजर आने लगी है। जिससे नाले की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।



स्थानीय रहवासी श्रवण चौरासिया का कहना है कि ठेकेदार ने हमारे घर के आंगे नाले का निर्माण तो कर दिया लेकिन अंदर से आने वाली नाली को इस नाले से जॉइंट नही किया जिससे पास में खाने के होटल की गंदगी ओर गंदा पानी हमारे हमारे दरवाजे पर ही एकत्रित हो रहा है जिससे बीमारी पनपने की आशंका बड़ रही है। दूसरी ओर एक महीने से खुदाई हो जाने से यहाँ दुकान करने वाले दुकानदारों को भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहाँ बेल्डिंग करने वाले भारत धाकड़ ने बताया कि जब से नाले के लिए खुदाई हुई है तब से यहां दुकान करने वाले सभी दुकानदारों का व्यवसाय ठप पड़ा है जिसकी चिंता न ठेकेदार को हे न नपा के अधिकारियों को। स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि सचिन शर्मा का कहना है कि एक ओर जहाँ नाला निर्मित हो रहा है वहाँ के रहवासी सहयोग कर रहे है लेकिन जिस गति से काम चल रहा है बहुत धीमा है ऊपर से निर्माण जिस गुणवत्ता के साथ होना चाहिए वह नही हो रहा। नर्मदा रेत के स्थान पर लोकल मिट्टी मिली रेत ओर चुरी का उपयोग किया जा रहा है और सीमेंट भी गुणवत्ताहीन प्रयोग में लाई जा रही है। बार बार बताने ओर समझाने के बाद भी न तो अधिकारी सुन रहे न ठेकेदार। उन्होंने बताया कि वह मौखिक रूप से एसडीएम व नपाध्यक्ष को भी वस्तुस्थिति से अवगत करवा चुके है लेकिन कोई गंभीरता से ध्यान ही नही दे रहा। तब जाकर आज लिखित में नियमानुसार कार्यवाही करने का निवेदन किया है।

# बूथ विजय अभियान अंतर्गत विधायक उमाकांत शर्मा ने किया गांव-गांव संपर्क

## बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुखों की ली बैठक

**अभिषेक कुशवाह**

सिरोंज। मंगलवार को देर शाम विधायक उमाकांत शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी केन्द्र एवं मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार चलाये जा रहे हैं बूथ विजय संकल्प अभियान अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी मण्डल देवपुर के मतदान केन्द्र ग्राम जैतपुर, अनूपपुर, रूसल्ला अभयराज, चौपनाकलां, प्यासी आदि मतदान केन्द्रों पर भाजपा के पन्ना प्रभारियों, बूथ समिति एवं प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की तथा प्रवासी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय विस्तारकों के कार्यों की समीक्षा कर लाभार्थी संपर्क, युवा संपर्क, महिला संपर्क कर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया तथा उनसे प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने एवं सागर संसदीय क्षेत्र से भाजपा की लोकप्रिय प्रत्याशी श्रीमती डॉ लता वानखेड़े जी को विजयी बनाने हेतु अपील की एवं केन्द्र एवं मध्प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रहीं जनहितकारी, जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में भी चर्चा की। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेन्द्रसिंह दांगी, भाजपा मण्डल देवपुर के मण्डल अध्यक्ष झारसिंह दांगी सहित भाजपा के पदाधिकारियो के उक्त ग्रामों के प्रवासी कार्यकर्ता, स्थानीय विस्तारकगण एवं अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भावों का प्रस्फुटन है कविता: डॉ.शशि वल्लभ शर्मा







अंबाह। स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबाह के हिंदी विभाग में विश्व कविता दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें हिंदी के विभागाध्यक्ष डॉ शशि वल्लभ शर्मा ने कहा कि कविता कोई सीखने या समझाने की चीज नहीं है, यह तो उतरने की चीज है। भारत की संस्कृति अनादि है, जिसमें दो चीजें संस्कृति की सहचरी हैं, एक नदी और दूसरी कविता। देश की सभी सभ्यताओं का विकास नदियों और कविता से हुआ। दोनों में प्रवाह है, गति है, धारा है। सरिता धरती का श्रृंगार करती है तो कविता मानव की भाषा का श्रृंगार कर देती है। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने कहा जब कवि भावनाओं के प्रसव से गुजरते हैं तो कविताएँ प्रस्फुटित होती है भावों का प्रस्फुटन है कविता।काव्य क्या है। इसे हम काव्य शास्त्रीय सन्दर्भ में देखें तो हमारे आचार्य भामह, रुद्रट, कुंतक, राजशेखर थोड़े बहुत अंतर से यह मानते हैं कि कविता के लिए आवश्यक है प्रतिभा। कारयित्री और भावयित्री प्रतिभा। इसके अतिरिक्त व्युत्पत्ति और निरतंर अभ्यास से काव्य सृजित किया जा सकता है। अब यह भी कारण है कि कविता लिखी क्यों जाती है। प्रयोजन क्या है। तो हमारे आचार्यों ने माना कि कविता के अन्यान्य प्रयोजन हैं। काव्य अमंगल के निवारण, आनंद की प्राप्ति, अर्थप्राप्ति, यशप्राप्ति लोक कल्याण आदि प्रयोजन से लिखा जाता है। हिंदी की प्राध्यापिका डॉ पूर्णिमा अग्रवाल ने अपने व्याख्यान में कहा कि कविता भावों की सहज अभिव्यक्ति हैं।भाषा परिषद की परामर्शदाता डॉ. अभिलाषा श्रीवास्तव ने अपने विचारों को काव्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रो. नीता सिंह ने काव्य से सबंधित विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। छात्र पियूष शर्मा ने स्वरचित काव्य पाठ किया। कार्यक्रम के अंत में भाषा परिषद की परामर्शदाता डॉ अभिलाषा श्रीवास्तव ने सभी का आभार प्रदर्शन किया।

# एक शाम गो माता के नाम 23 मार्च को

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

**तुमकूर।** श्री कृष्णा गौशाला फाउंडेशन ट्रस्ट गांव केंपोहल्ली उरडीगेरे दावसपेट के तत्वाधान में श्री श्री श्री सिद्धलिंग महास्वामी सिद्धगंगा मठ तुमकूर एवं बेंगलूरू स्थित कृष्णा गौशाला के संत पुखराज महाराज के सानिध्य में उरडीगेरे के कृष्णा गौशाला परिसर में दिनांक 23 मार्च 2024 शनिवार को एक शाम गो माता के नाम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। मंगलाराम काग ने बताया कि कृष्णा गो शाला में संरक्षित गायों के चारे पानी की व्यवस्था हेतु धार्मिक आयोजन रखा गया है। शाम 7 बजे स्वामी पाद पूजा और आशिर्वाद सामोरह होगा। उसके बाद भजन संध्या का आयोजन होगा। भजन संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में भक्तराज रमेश कुमार भंडारी, गौरक्षक महेंद्र मुणोत, गौरक्षक शांतिलाल जैन, गौरक्षक महेंद्र वैष्णव एवं बाबुलाल सीरवी, चेनाराम सीरवी, चिमनाराम सीरवी, सुरेश सैणचा, प्रताप सीरवी आरएसएस, नेमाराम सैणचा, जोगाराम सेपटा, ओमप्रकाश माली, भिंजाराम पटेल, शेषाराम प्रजापत, राजूराम जाट, भोलाराम पंवार, घेनाराम हनपरा, मांगीलाल गहलोत, गुणेश राम परिहार, देदाराम पंवार, भेराराम चोयल उपस्थित रहेंगे। भजन गायक राष्ट्वादी गौरक्षक ओम मुंडेल, राधेश्याम माली भजनों की प्रस्तुति देगे। इस मौके पर कार्यक्रम स्थल पर प्रसादी का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में राजस्थानी प्रवासी 36 कौम के लोग उपस्थित रहेगे।

# भीकनगांव में कलेक्टर एसपी ने ली अधिकारियों की बैठक

**खरगोन जिले से मुन्ना खान**
**ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**



कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक श्री धर्मराज मीणा ने 21 मार्च को एसडीएम कार्यालय भीकनगांव में अधिकारियों की बैठक लेकर कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आगामी दिनों में आने वाले त्योहार होली, गणगौर एवं ईद के अवसर पर कानून व्यवस्था की स्थिति पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति समाज की शांति भंग न करें इसके लिए इन त्योहारों के दौरान होने वाले आयोजनों को लेकर सभी वर्गों से चर्चा कर लें। जो कोई भी व्यक्ति सामाजिक एवं साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाग ने का प्रयास करें तो उसके विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लोकसभा चुनाव-2024 की आचार संहिता का कड़ाई से पालन करवाएं और डीजे आदि की अनुमति न दी जाए। बैठक में एसडीएम श्री बीएस कलेश, एसडीओपी, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### गंभीर वारदात की फिराक में घूम रहे आरोपी को

# पुलिस ने अबैध चाकू सहित किया गिरफ्तार

रीवा(पुष्पांजली टुडे)। पुलिस अधीक्षक श्री विवेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर,डीएसपी मुख्यालय हिमाली पाठक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल द्वारा स्टाफ सहित मुखबिर की सूचना पर मड़वा मोड के पास अवैध चाकू लिए घूम रहा आरोपी आशीष उर्फ संदीप लुनिया पिता शेष मनी लोनिया उम्र 22 वर्ष निवासी प्रेम नगर मड़वा थाना गोविंदगढ़ जिला रीवा के पास एक लोहे का धारदार चाकू लिए घूमते पाए जाने पर से थाना गोविन्दगढ़ रीवा में अपराध क्रमांक 69/2024 धारा 25-क्र आर्म्स एक्ट कायम कर अभिरक्षा में लिया गया (गिरफ्तार )किया गया है आरोपी के कब्जे से एक धारदार चाकू जप्त की गई सराहनी भूमिका थाना प्रभारी गोविन्दगढ़ शिवा अग्रवाल, ह्यद्ब सुनील पांडे , आर. 1032 राहुल पाण्डेय, सैनिक 87 सुधाकर मिश्रा




# पेंटियम पॉइंट में मनाया गया विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस

रीवा(पुष्पांजली टुडे)।शहर में स्थित पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के करहिया परिसर में विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस मनाया गया।आपको बता दें की हर साल 21 मार्च को वर्ल्ड डाउन सिंड्रोम डे मनाया जाता है। 2012 से ही संयुक्त राष्ट द्वारा विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस ऑफिशियल तौर पर मनाया जाता है। मार्च महीने के 21वें दिन होने वाले 21वें गुणसूत्र के त्रिगुणन की विशिष्टता को दर्शाने के लिए इस तारीख को चुना गया। जो डाउन सिंड्रोम की वजह बनता है। वर्ल्ड डाउन सिंड्रोम डे के मौके पर इससे पीड़ित लोगों में जागरूकता बढ़ाने, उनके समर्थन के लिए कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रेड रिवन तथा स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से आज का यह कर्यक्रम आयोजित किया गया था। आज के इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर सी बी शुक्ल पूर्व अधीक्षक संजय गांधी चिकित्सालय रीवा,बी एन त्रिपाठी मुख्य प्रबंध संचालक पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन, डॉ दिवाकर सिंह सिकरवार मनोवैज्ञानिक संजय गांधी चिकित्सालय रीवा, एस के त्रिपाठी शैक्षणिक संचालक पीजीआई रीवा,उषा साहू प्राचार्या स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान मुख्य रूप से रही। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि




इस कार्यक्रम का उद्देश्य डाउन सिंड्रोम से पीड़ित लोगों के लिए एक समुदाय को बढ़ावा देना और उन्हें पूर्ण जीवन जीने के लिए सशक्त बनाना और इस स्थिति से जुड़े आम मिथकों के बारे में समाज को शिक्षित करना है। दरअसल,डाउन सिंड्रोम की बीमारी एक जेनेटिक डिसऑर्डर है,यह क्रोमोजोम में गड़बड़ी के कारण होता है,डाउन सिंड्रोम की स्थिति बच्चे में एक एक्सट्रा क्रोमोजोम होता है। साथी छात्र - छात्राओं को एड्स से बचाव एवं सुरक्षा से संबंधित जानकारी भी दी गई।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आशुतोष गुप्ता,महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ राकेश तिवारी, डॉ सविता शुक्ला डॉ अर्चना पटेल, गिरीश भाई पटेल, राहुल चतुर्वेदी देवांशी द्विवेदी, कृष्ण चंद्र त्रिपाठी आदि प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक तथा सभी विभागों के छात्र मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## लोकायुक्त रीवा की ट्रैप कार्यवाही



नाम आवेदक श्री राजाभैया ग्राम झरी ( नगइला) जनपद मझगवा जिला सतना (म.प्र.)
आरोपी -श्री राम सनेही शिवहरे पद -सचिव ग्राम पंचायत झरी अतिरिक्त प्रभार ब्रम्हीपुर जनपद मझगवा जिला सतना (म. प्र )
ट्रेप रिश्वत राशि -14000/.. रुपये
घटना स्थल - मेन रोड झरी बस स्टैंड
कार्य का विवरण- शिकायतकर्ता ने शिकायत की थी कि पंचायत का बिल पास करने के एवज मे रामसनेही शिवहरे सचिव द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही है था जिसकी शिकायत शिकायतकर्ता द्वारा पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त रीवा मे की थी इस बात का सत्यापन लोकायुक्त संभाग रीवा के पुलिस अधीक्षक द्वारा कराया गया तो यह बात सत्यापित हुई की वास्तविकता में आरोपी राम सनेही शिकायतकर्ता से रिश्वत की मांगी की जा रही है , जिस पर से ट्रेप कार्यवाही आयोजित की गई, आज दिनांक 21.03.2024 को आरोपी को 14000 रुपए की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथ ट्रैप किया गया कार्यवाही जारी है
ट्रेपकर्ता अधिकारी श्री जियाउल हक निरीक्षक
ट्रेप दल के सदस्य - श्री प्रवीण सिंह परिहार उप पुलिस सहित 12 सदस्यीय टीम

## आरक्षक एवं तस्करों, सटोरिए का गठजोड़, कबाड़ी मोहल्ले से शीशमहल तक

### आरक्षक ने 13 वर्ष की सर्विस में बनवाया करोड़ों की लागत का आलीशान महल, बेशकीमती जमीनें

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)**। विवादित आरक्षक जिस पर कई बार वरिष्ट अधिकारियो द्वारा कार्यवाही की गई इस समय बे तस्करो अपराधियो के लिए वरदान साबित हो रहे हैं विश्वसनीय सूत्रों की माने तो इस समय कुख्यात बदमाश जियाउल खान निवासी निपनिया बड़े स्तर पर कबाड़ी मोहल्ला,निपनिया एवम घोघर में कर रहा कोरेक्स एवम नशे की गोलियों की तस्करी जिसको संरक्षण सिविल लाइन थाने में पदस्थ एक घाघ वसूलीबाज आरक्षक दे रखे हैं आरक्षक के लिए भी अवैध कारोबारियों से वसूली कर लिफाफा पहुंचाता है जिसके कारण उक्त आरक्षक ने अवैध कारोबार करने की छूट दे रखे हैं की हमारे रहते पुलिस हाथ नही लगा पाएंगी ऐसे पुलिस कर्मी जिन पर तत्कालीन पुलिस अधीक्षक कई बार वसूली की शिकायतों के चलते थाने से हटाकर पुलिस लाइन एवम देहात के थानों में भेजकर इनका नेटवर्क तोड़ने का प्रयास कर चुके हैं इस समय उक्त आरक्षक लोगो के घरों में दुकानों में घुसकर धमकाने डराने का कार्य कर रहे आरक्षक ने अपने 13 साल की सर्विस में लगभग एक करोड़ रुपए का आलीशान महल,रिस्तेदारो के नाम पर प्लॉट सहित अन्य करोड़ों की संपत्ति के मालिक बन बैठे हैं आरक्षक के हर बड़े कारनामे सहित कबाड़ी मोहल्ले की वसूली से लेकर करोड़ों के शीशमहल तक का जल्द होगा खुलासा।

## आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए नागौर एसडीओपी आईपीएस बिदिता डागर ने कोठी में निकला फ्लाग मार्च

पुष्पांजलि टुडे, राजेश तिवारी, ब्यूरो चीफ सतना



आगामीलोकसभा चुनाव वर्ष 2024 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराये जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) श्रीमती विदिता डागर के नेतृत्व में एवं थाना प्रभारी नागौद निरीक्षक अशोक पाण्डेय ,थाना प्रभारी सिंहपुर शैलेंद्र पटेल एवम थाना प्रभारी कोठी रूपेंद्र राजपूत के मौजूदगी में हमराही स्टाफ थाना नागौद सिंहपर व कोठी के आज दिनांक 21/03/2024 को कस्बा कोठी में फ्लैग मार्च किया गया। एवम आम जनता से अचार संहिता में शांति बनाए रखने की अपील की गई एवम उल्लंघन करने पर सख्त कार्यवाही होने की समझाइश दी गई।

## आगामी होली त्यौहार को लेकर थाना गुड़ में शांति समिति की बैठक हुई संपन्न





रीवा(पुष्पांजली टुडे )।जिले के अंतर्गत आगामी त्यौहार को देखते हुए गुड़ पुलिस थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें आगामी होने वाले होली के त्यौहार को लेकर शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाने पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए बैठक नायब तहसीलदार गुड़ तेजपति सिंह के द्वारा ली गई है जिसमें संगठन एवं संबंधित लोगों से व्यवस्था के बारे में राय ली गई है तहसीलदार के द्वारा कहा गया की होली का त्योहार आपसी सौहार्द और भाईचारे का त्यौहार है जिसमें शांतिपूर्वक तरीके से मनाया जाना चाहिए। जबकि थाना प्रभारी हरिशंकर तिवारी ने कहा कि होली में हुड़दंग मचाने वालों को बक्सा नहीं जाएगा ऐसे लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी आपसी भाईचारा पर त्योहार मनाए शांति समित बैठक के दौरान सब इंस्पेक्टर शैल यादव नगर पंचायत गुड़ अध्यक्ष डॉ अर्चना सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुड़ के डॉक्टर कल्याण सिंह सहित नगर व क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के संबंध में प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त बैठक संपन्न

### निर्वाचन संबंधी विभिन्न व्यवस्थाओं एवं आदर्श आचरण संहिता का पालन आदि के संबंध में दिए निर्देश

दैनिक पुष्पांजली टुडे



भिण्ड । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव एवं पुलिस अधीक्षक डॉ असित यादव की अध्यक्षता में लोकसभा निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण संपन्न कराने साथ ही निर्वाचन संबंधी विभिन्न व्यवस्थाओं एवं आदर्श आचरण संहिता का पालन आदि के संबंध में जिला प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त बैठक जिला पंचायत भिण्ड के सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जगदीश कुमार गोमे, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन के संबंध में जारी विभिन्न आदेशों का समस्त अधिकारी ठीक प्रकार से पालन कराते हुए शांतिपूर्ण, भयमुक्त निर्वाचन सम्पन्न करायें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी उपस्थित अधिकारियों से निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में सभी तैयारी समय से पूर्ण रखने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन एवं पुलिस संयुक्त रूप से अपराधिक, निगरानी शुदा बदमाश, और आदतन अपराधी के संबंध में जानकारी शीघ्र भिजवायें। उन्होंने कहा कि एसडीएम एवं एसडीओपी अपने क्षेत्र में आदतन अपराधियों को बाउन्ड ओवर एवं स्पॉट बाउन्ड ओवर की कर्रवाई करें। पुलिस अधीक्षक डॉ असित यादव ने बैठक में उपस्थित पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों को लोकसभा निर्वाचन की आचार संहिता लागू होने से विभिन्न प्रकार की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने आचार संहिता अंतर्गत जारी विभिन्न आदेशों का सही ढ़ंग से पालन कराने निर्देश दिए साथ ही आदेशों के उल्लंघन पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को संयुक्त रूप से समन्वय बना कर कार्यवाही करने निर्देशित किया।

# पुलिस को मिली बड़ी सफलता शातिर चोर को गिरफ्तार कर 07 मोटर साइकिले की जप्त

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । डॉ. असित यादव असित यादव पुलिस,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक,नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार द्वारा बीते दिनो से लगातार हो रही मोटर साइकिल चोरो के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। के प्राप्त निर्देशन मे निरीक्षक प्रवीण सिंह चौहान थाना सिटी कोतवाली भिण्ड द्वारा टीम बनाई गई जिसके द्वारा एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बरामद की 07 मोटर साइकिले ।




दिनांक 20/03/2024 को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति निराला रंग विहार मंच के पास मेला ग्राउण्ड भिण्ड मे 10 हजार रूपये मे मोटर साइकिल खरीदने बेचने की बात कर रहा है, उक्त मुखविर सूचना पर से उक्त व्यक्ति को मोटर साइकिल सहित पकडकर वैध दस्तावेज चाहे गये तो कोई दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर संदेह होने पर पूछताछ करने पर उसके द्वारा दिनांक 17/03/2024 को एसबीआई मैन ब्रांच के सामने से चोरी करना स्वीकार किया जो थाना सिटी कोतवाली भिण्ड के अपराध क्रमांक 175/24 धारा 379 भादवि का मशरूका होने से आरोपी के कब्जे से जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर अन्य अपराधो मे पूछताछ करने पर उक्त चोर के द्वारा विभिन्न दिनांक व समय मे थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र अमन भदौरिया निवासी कुशवाह कॉलोनी भिण्ड के घर से,दयाल मैरिज गार्डन भिण्ड, खाटू श्याम मैरिज गार्डन,एसबीआई मैन ब्रांच की पार्किंग,जिला अस्पताल परिसर से एवं अवधेश भदौरिया निवासी भदावर कॉलोनी भिण्ड के घर के सामने से विभिन्न मॉडल की मोटर साइकिले चोरी करके अपने घर मे छुपाकर रखना वताया जिसकी निशादेही पर उसके घर से अन्य चोरी की गई 06 मोटर साइकिले बरामद की जो थाना सिटी कोतवाली के मोटर साइकिल चोरी के अपराध क्रमांक 307/22,110/24,159/24,174/24,178/24 व 179/24 मे वांछित मशरूका होना पाया जाने से सभी मोटर साइकिलो को जप्त कर करीवन 05 लाख रूपये का मशरूका बरामद किया गया।

**सराहनीय भूमिका**-निरीक्षक प्रवीण सिंह चौहान, उपनिरीक्षक देवीदीन अनुरागी,प्रधान आरक्षक जितेन्द्र सिंह यादव,नीरज सिंह,रवि सिंह,सुनील कुमार,रमाकांत शर्मा,जितेन्द्र सिंह,आरक्षक अभिषेक यादव,शिवम तोमर,अनिल भदौरिया, सुधीर शर्मा,प्रशांत भारद्वाज,मोहित यादव,अनिल शर्मा की सराहनी भूमिका रही है।



## अंडों के छिलकों पर चलने जैसा है इंडस्ट्री में बने रहना, कुणाल खेमू ने क्यों कही यह बात?

कुणाल खेमू इन दिनों अपनी निर्देशित फिल्म मडगांव एक्सप्रेस को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म 22 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। फिलहाल, फिल्म की स्टार कास्ट जोर-शोर से इसके प्रमोशन में लगी हुई है। हाल ही में फिल्म के प्रमोशन के दौरान एक साक्षात्कार में कृणाल खेमू ने मडगांव एक्सप्रेस को बनाने को लेकर खुलकर बातचीत की। वहीं, इंडस्ट्री में बने रहने को लेकर अपनी राय जाहिर दर्शकों के सामने जाहिर की। साक्षात्कार में कृणाल ने बताया कि वह अपनी आगामी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस की स्क्रिप्ट को लोगों के सामने लाने से डर रहे थे। इस दौरान कृणाल ने यह भी बताया कि यह कहानी उनके दिमाग में दिल चाहता है को लेकर दिमाग आई थी। कृणाल ने कहा, एक कलाकार के रूप में मैं एक ऐसा इंसान हूं, जो एक एक्टर था और उसे लिखना पसंद था। अब वह एक निर्देशक बन गया। इंडस्ट्री में बने रहना अंडे के छिलके पर चलने के बराबर है। कृणाल ने इसकी वजह बताते हुए कहा, मैं मडगांव एक्सप्रेस की पटकथा लिखने से डर रहा था, क्योंकि मैं नहीं चाहता था कि लोग ऐसा कहें कि मैं एक अभिनेता हूं, जिसे अब काम नही मिल रहा है और वो आगे बढ़ने के लिए ये सब कर रहा है। मैं उन फिल्मों का हिस्सा रहा हूं, जिन्हें बहुत प्यार मिला है, लेकिन कई फिल्में ऐसी भी रही हैं, जो बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। इससे एक अभिनेता के तौर पर मेरा नजरिया बदला है। आपको उन फिल्मों में काम करने या उसे बनाने का मौका दोबारा नही मिलता, जो आप हमेशा से करना चाहते हैं। कृणाल ने इस दौरान यह भी कहा कि एक निर्देशक के तौर पर वे इस बात को समझते रहे थे कि उन्हे एक निश्चित बजट मिला है, जिसमें उन्हें यह फिल्म बनानी थी। कृणाल ने कहा, मैं नही चाहता कि मेरी यह फिल्म अच्छी थी, लेकिन टाइमिंग गलत थी वाली फिल्मों में से एक हो। क्योंकि, आपका अगला मौका इसी पर निर्भर होता है।



# क्रू को लेकर बेहद उत्साहित हैं करीना

बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सेनन स्टारर क्रू इन दिनों लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ, जिसके बाद इसे लेकर लोगों की उत्सुकता बढ़ गई है। फिल्म में तीनों अभिनेत्रियां एयर होस्टेस के किरदार में हैं, जो कोहिनूर नाम की एयरलाइन के लिए काम करती हैं। करीना फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं, उन्होंने कहा कि वे हमेशा से तब्बू के साथ काम करना चाहती थीं। करीना कपूर ने कहा कि उनकी तब्बू के साथ काम करने की इच्छा क्रू के साथ पूरी हो रही है। इसके चलते वे बेहद खुश हैं। अभिनेत्री ने कहा, मैं बहुत उत्साहित हूं क्योंकि मुझे पहली बार तब्बू के साथ काम करने का मौका मिला। लोलो (करिश्मा कपूर) ने उनके साथ कई बार काम किया है। आखिरकार मुझे उनके साथ स्क्रीन शेयर करने का अवसर मिला। बेबो ने आगे कहा, वह कृति सेनन के साथ स्क्रीन साझा करने को लेकर भी बेहद उत्साहित थी। उन्होंने अभिनेत्री को बेहद प्यारा और प्रतिभाशाली कहा। करीना ने कहा, मुझे उम्मीद है कि फिल्म अच्छा प्रदर्शन करेगी। राजेश ने एक बेहद मजेदार फिल्म बनाई है इसलिए मैं वास्तव में उत्साहित और खुश हूं और उम्मीद करती हूं कि यह चलेगी। वहीं, कृति सेनन ने कहा, महिला सह-कलाकारों के साथ काम करना उनके लिए काफी नया और अच्छा था। हमें ज्यादातर पुरुषों के साथ ही काम करना पड़ता है। मेरे लिए उन महिलाओं के साथ काम करना बहुत ताजा था, जो बहुत प्रतिभाशाली हैं और जिनकी मैं वर्षों से प्रशंसा करता रहा हूं। क्रू में तब्बू, करीना कपूर खान और कृति सेनन के अलावा दिलजीत दोसांझ और कपिल शर्मा भी हैं। फिल्म का निर्देशन राजेश कृष्णन ने किया है। वहीं, इसका निर्माण एकता कपूर, शोभा कपूर, अनिल कपूर और रिया कपूर ने किया है। यह 29 मार्च को बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## डिज्नी की टाइगर को अपनी आवाज देंगी प्रियंका



बॉलीवुड से निकलकर हॉलीवुड में अपनी पहचान बनाने वाली देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा अब एक नए अवतार में नजर आने वाली हैं। ग्लोबल आइकन प्रियंका डिज्नीनेवर की आगामी फिल्म टाइगर के लिए अपनी आवाज देंगी। यह फिल्म बाघों के ऊपर आधारित है, जिसमें एक युवा बाघिन अंबर की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म को लेकर प्रियंका ने कहा, हर मां इस कहानी से खुद को जुड़ा हुआ महसूस करेगी। गौरतलब है कि फिल्म में युवा बाघिन अंबर भारत के घने जंगलों में अपने शावकों की देखभाल करती है। फिल्म से जुड़ने को लेकर प्रियंका ने कहा, यह मेरे लिए काफी स्पेशल है। मेरे देश की इस शानदार कहानी को पर्दे पर बताना मेरे लिए बेहद खास है, मैं खुद को सम्मानित महसूस कर रही हूं। फिल्म के बारे में बात करते हुए प्रियंका ने कहा, मुझे हमेशा बाघों से प्यार रहा है और मैं बाघिनों से खुद को जुड़ा हुआ महसूस करती हूं। मुझे लगता है कि फिल्म में अंबर का सफर कुछ ऐसा ही है, जिससे हर मां खुद को खुद को जोड़ सकेगी।



## हॉलीवुड डेब्यू पर शोभिता ने की बात

शोभिता धूलिपाला बॉलीवुड की प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। अब तक वे कई फिल्मों में अपनी दमदार अदाकारी दिखा चुकी हैं। वे जल्द ही हॉलीवुड की फिल्म में नजर आने वाली हैं। फिल्म मंकी मैन में वे अहम भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म में वे देव पटेल के साथ नजर आने वाली हैं। हाल ही में एक बातचीत के दौरान अभिनेत्री ने इस फिल्म पर खुलकर बात की। शोभिता ने अपने पहले हॉलीवुड प्रोजेक्ट मंकी मैन के बारे में बात करते हुए उत्साह जाहिर किया। एक इवेंट के दौरान शोभिता ने कहा, यह पहली बार है कि मैं हॉलीवुड में काम कर रही हूं। इसलिए यह मेरे लिए बेहद रोमांचक है। उन्होंने आगे कहा, मेरा फिल्म में बड़ा रोल नहीं है, लेकिन देव पटेल के विजन का हिस्सा बनना एक सपना पूरा होने जैसा है। इससे पहले मशहूर निर्देशक अनुराग कश्यप ने इस साल जनवरी में अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर मंकीमैन का ट्रेलर साझा करते हुए उन्हें बधाई दी थी। इस दौरान शोभिता ने पुरानी बातें याद करते हुए बताया था कि 2016 में कान फिल्म फेस्टिवल के लिए रवाना होने से ठीक एक दिन पहले उन्होंने मंकी मैन का ऑडिशन दिया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर अनुराग को शुक्रिया कहते हुए लिखा था, धन्यवाद सर, मैंने 2016 में मंकी मैन के लिए मैंने ठीक एक दिन पहले ऑडिशन दिया था, उस समय हम रमन राघव के लिए कान फिल्म फेस्टिवल के लिए रवाना होने वाले थे। यहां तक का सफर बहुत यादगार रहा। इसके लिए आपका शुक्रिया।



## बॉलीवुड में मुझे वो सम्मान नहीं मिला जिसका मैं...

अभिनेता रवि किशन इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म लापता लेडीज में वे दमदार पुलिस ऑफिसर की भूमिका में दिखाई दिए हैं। दर्शकों को इस फिल्म मे उनका अभिनय काफी पंसद आ रहा है। पिछले दिनों अभिनेता एक इंटरव्यू के दौरान अपने करियर के उतार-चढ़ाव के बारे में मीडिया से बातें करते नजर आए। नकारात्मक भावना को बदला रचनात्मक में अभिनेता रवि किशन भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर नामों में से एक नाम है। उन्होंने भोजपुरी फिल्मों के अलावा बॉलीवुड की कई फिल्मों में भी काम किया है। हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान वे बॉलीवुड में अपने सफर के बारे में बातें करते हुए बोले, मैं 90 के दशक में बॉलीवुड में आया था। मेरी आवाज अच्छी थी, बॉडी भी हीरो जैसी थी फिर भी मुझे काम नही मिला। इस बात ने मुझे काफी निराश कर दिया था, लेकिन एक वक्त के बाद मैंने अपनी नकारात्मक ऊर्जा को रचनात्मक ऊर्जा में बदल दिया। रवि किशन अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, मैंने धर्मेंद्र से लेकर सलमान खान तक के साथ काम किया, लेकिन मेरे हिस्से में अच्छे रोल नही आ रहे थे। मैं काफी गुस्से में बॉलीवुड को छोड़ कर गया था। मैंने दुखी मन से भोजपुरी फिल्मों में काम शुरू किया था, लेकिन मेरी असली पहचान मुझे वहीं से मिली।

## निखिल सिद्धार्थ ने किया कार्तिकेय 3 का एलान



टॉलीवुड अभिनेता निखिल सिद्धार्थ की फिल्म कार्तिकेय 2 ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर धमाल मचाया था। साउथ के साथ इस फिल्म ने हिंदी पट्टी में भी अच्छा बिजनेस किया था। इस फ्रैंचाइजी को पसंद करने वाले फैंस को लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। दरअसल, अभिनेता ने आधिकारिक तौर पर इस एक्शन थ्रिलर फिल्म के तीसरे भाग की घोषणा कर दी है। अभिनेता ने इस बात को कंफर्म किया है कि निर्देशक चंदू मोंडेती फिल्म के तीसरे भाग की पटकथा पर काम कर रहे हैं। फिल्म को लेकर अपडेट देते हुए निखिल ने एक्स पर लिखा, डॉ. कार्तिकेय जल्द ही एक बिल्कुल नए साहसिक कार्य की तलाश में...। इस पोस्ट में उन्होंने फिल्म के निर्देशक को भी टैग किया है। अभिनेता की इस पोस्ट के बाद फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हो गए हैं। उनके बयान से लोग अनुमान लगा रहे हैं कि आगामी फिल्म में उन्हे जबर्दस्त सिनेमाई अनुभव प्राप्त होगा। सोशल मीडिया पर फैंस तरह तरह के कमेंट कर अपनी खुशी व्यक्त कर रहे है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस फिल्म का स्केल पिछली दो फिल्मों से अधिक होगा। फिलहाल इस फिल्म के कथानक और कलाकारों के बारे में कोई भी अपडेट सामने नही आया है, फिर भी लोग इस फिल्म का उत्सुकता के साथ इंतजार कर रहे हैं।

# मंगल लक्ष्मी के नमन शॉ बताया कैसे मिला अदित का रोल

कलर्स टीवी पर प्रसारित हो रहे नए धारावाहिक मंगल लक्ष्मी से दीपिका सिंह ने पर्दे पर कमबैक किया है। इसमें इनके पति के रूप में नमन शॉ नजर आ रहे हैं, जो इस इंडस्ट्री में पिछले 18 सालों से एक्टिव हैं। उन्होंने इसमें एक फस्ट्रेटेड पति का रोल किया है। साथ ही इसमें दो बहनों की कहानी दिखाई गई है। हालांकि ये सीरियल दर्शकों के लिए बाकी कुछ सीरियल्स से कैसे अलग है, इस सीरियल के लिए एक्टर को कैसे अप्रोच किया गया।

**मंगल लक्ष्मी में जो आपका किरदार है, वो आपके लिए कितना चैलेंजिंग रहा? इस तरह के कैरेक्टर्स हमने पहले भी देखे है, अनुपमा के वनराज शाह और सौभाग्यवति भव- में भी ऐसा शख्स देखा, जो पत्नी को दबाकर रखता है। आपने इसे अलग करने के लिए कितना एफर्ट्स लगाया?**

मैंने हमेशा से एक गुड बॉय, स्वीट बॉय प्ले किया है। 17-18 सालों में ये पहला कैरेक्टर है, जो थोड़ा-सा ग्रे है। ये बहुत ही रियल और रिलेटेबल कैरेक्टर है। ये एक आईटी इंजीनियर है। अपनी मां से बहुत प्यार करता है और हर चीज के लिए अपनी मां का अप्रूव चाहता है और मंगल उसकी पसंद नहीं, बल्कि उसकी मां की पसंद थी। लेकिन मां के लिए उसने शादी कर ली। लेकिन उसे बाद में एहसास होता है कि वह शादी में फंस गया है। वह शादी में खुश नही है। मंगल उसके बराबर की नही है। वह उससे बेहतर डिजर्व करता है। लेकिन अब शादी और बच्चे हो गए हैं तो इसलिए वो फस्टेशन में है।

**मगर ये सारी खूबियां तो हमने वनराज में भी देखी है, यही सारी चीजें उसके साथ भी हुई थी। तो आपने इस किरदार को अलग करने की कोशिश कैसे की?**

मैंने अनुपमा नही देखा है तो मुझ मालुम नहीं। ये कहानी थोड़ी अलग है। अनुपमा में वो अपने के लिए लड़ रही थी। यहां ऐसा नहीं है। और अदित का किरदार नेगेटिव नहीं है। बहुत रियल है। एक आदमी की भी कहानी है। जो ऑफिस जाता है। वहां पूरा दिन रहता है। अपने बॉस से बातें सुनता है। वहां, उसको अपना ईगो दबाकर काम करना पड़ता है क्योंकि उसे अपनी फैमिली के लिए चीजें मुहैया करानी है। फिर जब वो घर आता है तो वो अपनी पत्नी से नाखुश रहता है। वही फस्टेशन है। सौभाग्यवति भव जैसा नहीं है। ये साधारण इंसान है। हर दूसरे घर में ऐसा किरदार मिलेगा।

**दीपिका सिंह के साथ काम करने का कैसा अनुभव रहा? उन्होंने तो पहले भी एक पॉप्युलर शो दीया और बाती किया हुआ है और एक फेमस चेहरा है। कुछ किस्सा हुआ सेट पर?**

उनके साथ काम करके बहुत अच्छा लगा। जब हमने मॉक शूट भी किया तो मैंने तीन लड़कियों के साथ किया था। दीपिका भी थी इसमें। मैं घर आकर अपने दोस्तों को भी बोला और डायरेक्टर को भी कि जो मेरा कनेक्शन और वाइब जो दीपिका के साथ थी, वो बहुत ही खास थी। यही हमारे डायरेक्टर्स का भी कहना था और यही हमारे क्रिएटर्स का भी कहना था कि आप दोनों बहुत अच्छे कपल बनोगे। केमेस्ट्री भी हमारे बीच शानदार रही। जैसा वो चाहते थे, वैसी ही निकलकर सामने आई। इसलिए उन्होंने साथ में कास्ट किया। हम दोनों अच्छा कर भी रहे थे और साथ अच्छे लग भी रहे थे। दीपिका एक बहुत ही अच्छी एक्ट्रेस हैं भी। वह दिल की साफ है ही। और बहुत बातें करती हैं।

**आपको इस रोल के लिए अप्रोच कैसे किया गया? आप इस इंडस्ट्री से कैस जुड़े?**

मेरा पहला शो कसम से था। उसके पहले एक रियलिटी शो से आया था। मै कलकत्ता से हूं। मैं बिजनेस फैमिली से आता हूं। लेकिन मुझे बिजनेस में बिलकुल दिलचस्पी नही थी। इसके बाद मैंने मॉडलिंग की और फिर मिस्टर इंडिया में गया। लेकिन इन सबके पहले ग्रेजुएशन किया क्योंकि वो करना पड़ा। मम्मी बोलती थी कि शादी नही होगी। अच्छी लड़की नही मिलेगी। तो बीकॉम कर लिया। लेकिन मम्मी को मालूम था कि मेरा इंट्रस्ट मॉडलिंग में है तो उन्होने ही मेरा फॉर्म भरा था मिस्टर इंडिया के लिए। उसक बाद फिर रियलिटी शो किया। फिर ऑडिशन्स हुए। ज्यादा स्ट्रगल करना नही पड़ा। मैंने बालाजी में ऑडिशन दिया था और उन्हें मेरा ऑडिशन पसंद आया। मुझे बहुत जल्दी ही 3 महीने में सबसे बड़ा शो मिल गया। तो मै खुद को खुशकिस्मत समझता हूं। और इस रोल के लिए भी मुझे कास्टिंग डायरेक्टर का कॉल आया और उन्होंने साइन कर लिया।

**क्या आपके साथ कभी कास्टिंग काउच जैसी चीजे हुई? क्या आपने स्ट्रगल देखा, पैसो की दिक्कत महसूस हुई, जब आप मुबंई आए?**

नही मेरे साथ ऐसा नहीं हुआ कुछ। जब मैं मॉडलिंग कर रहा था तो उस दौरान कुछ पैसे कमाए थे, तो वो मेरे पास थे, जो तीन महीने के लिए काफी थे। फिर बैक टू बैक शोज मिलने लगे थे। तो स्ट्रगल नहीं देखा। फैमिली का भी सपोर्ट था तो पैसों की भी दिक्कत वैसे नही हुई।



## एक नजर...

### लोकसभा चुनावों से पहले स्थायी वारंटियो की धर पकड़

**थाना सुभाषपुरा द्वारा स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय किया पेश**



**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- लोकसभा चुनावों से पहले पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी संजय चतुर्वेदी के निर्देशन में थाना हाजा का स्थाई बांरटी विजय पुत्र स्व. भदई आदिवासी उम्र 45 साल निवासी मुडखेडा सडक थाना सुभाषपुरा जिला शिवपुरी जो काफी समय से फरारा चल रहा था वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में एक टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त स्थायी वारंटी को आज दिनांक 21.03.2024 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय शिवपुरी पेश किया गया है आरोपी को गिरफ्तार करने में समस्त हमराही फोर्स की अहम भूमिका रही। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सुभाषपुरा उनि कुसुम गोयल, प्रआर0 99 महेशदत्त शर्मा, आर0 274 धर्मेन्द्र शर्मा, आर0 826 प्रशांत गुर्जर, म.आर.1146 प्रीति राठौर की अहम भूमिका रही ।

### तीन वर्ष से धोखाधड़ी के प्रकरण में फरार आरोपी शिवाजी राजा को गिरफ्तार किया गया

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**




पिछोर। फरियादी रामकिशन टैंगर पुत्र मगंलिया टैंगर उम्र 55 साल निवासी (खण्ड पंचायत अधिकारी) जनपद पंचायत कार्यालय पिछोर जिला शिवपुरी की रिपोर्ट पर थाना पिछोर पर अप. क्र. 310/21 धारा 420 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था। विवेचना के दौरान प्रकरण आरोपीगण रामनिवास राजपूत, सोनसिहं अहिरवार, जीतेन्द्र लोधी, कपिल गुप्ता को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया था तथा प्रकरण में आरोपी शिवाजी राजा परमार घटना दिनाँक से फरार चल रहा था। प्रकरण की विवेचना एस.डी.ओ.पी. पिछोर प्रशांत शर्मा व्दारा की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मूले के निर्देशन में प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी शिवाजी राजा चौहान पुत्र पुष्पेन्द्र सिंह चौहान उम्र 26 साल निवासी, ग्राम बक्सनपुर थाना भौती, जिला शिवपुरी (म.प्र.) को दिनाँक 20.03~2024 को कार सर्विस सेन्टर शिवपुरी से गिरफ्तार किया गया जिसे आज न्यायालय पिछोर पेश किया गया। उक्त आरोपी की गिरफ्तारी में एस.डी.ओ.पी. पिछार प्रशांत शर्मा, थाना प्रभारी पिछोर रत्नेश सिहं यादव सउवि सुतीश जयन्त प्रआर 548 दीपचंद, आर. 957 देशराज गुर्जर, आर. 907 अरुण मेवाफरोस थाना पिछोर की सराहनीय भूमिका रही है।

### थाना सिरसौद पुलिस द्वारा किये गये एक स्थाई वारंटी व दो गिरफ्तारी वारंटी गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**



शिवपुरी- पुलिस अधीक्षक महोदय जिला शिवपुरी अमन सिंह राठौड द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए स्थाई वारंट तामील कराये जाने हेतु एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मूले एंव श्रीमान एसडीओपी महोदय पोहरी श्री सुजीत सिह भदौरिया के मार्ग निर्देशन में स्थाई वारंटियों की धरपकड़ के क्रम में थाना प्रभारी सिरसौद उप निरीक्षक मुकेश दुवोलिया की टीम द्वारा आज दिनांक 21.03. 2024 को माननीय न्यायालय ग्वालियर के प्रकरण क्रमांक 1281/21 के स्थाई वारंटी मनीराम पुत्र हक्के परिहार निवासी ग्राम मदनखेडी थाना सिरसौद व गिरफ्तारी वारंटी प्रकरण कमांक 167/2020 के मुशीं पुत्र अगोनी धाकड निवासी ठर्रा थाना सिरसौद व गिरफ्तारी वारंटी प्रकरण कमांक 04/2020 के भूरासिह पुत्र पूरनसिह सिक्ख निवासी कुवंरपुर को गिरफ्तार किये गये ।

**सराहनीय भूमिका:**-उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मुकेश दुवोलिया, सउनि जगदीश भिलाला, प्र.आर. 797 सन्तोष सिंह बैश, प्र.आर. 348 बाबूलाल नागर आरक्षक 216 विक्रम सिंह बाथम, आरक्षक 87 अमरीश परिहार की विशेष भूमिका रही

# पिछोर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सेमरी में निकाली मतदाता जागरूकता रैली






## स्वीप गतिविधि के तहत सीईओ सृष्टि भदौरिया ने घर घर जाकर दिए चुनाव पर्व के पैंपलेट

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

पिछोर (शिवपुरी) पिछोर जनपद पंचायत के अंतर्गत आने बाली ग्राम पंचायत सेमरी में 21 मार्च गुरूवार को जिला स्वीप प्रभारी जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी के निर्देशानुसार तथा पिछोर एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग आफिसर जेपी गुप्ता के मार्गदर्शन में लोक सभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर स्वीप गतिविधियों के तहत जन-जागरूकता हेतु रैली का आयोजन किया गया, जिसमें सीईओ जनपद पंचायत श्रीमती सृष्टि भदोरिया, एई घनश्याम सिंह झा सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका,समूह की महिलाएं सहित ग्राम की जनता ने इस कार्यक्रम में सहभागिता की।

सचिव अजब सिंह लोधी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान सत प्रतिशत हो इसके लिए ग्राम पंचायत में दीवार लेखन कराकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है साथ ही मतदान केंद्रों पर मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में भी लोगों को जानकारी दी जा रही है, गुरुवार को आयोजित मतदाता जागरूकता रैली के दौरान जनपद सीईओ श्रृष्टि भदौरिया एवं एई घनश्याम झां द्वारा ग्रामीणों को चुनाव का पर्व-देश का गर्व थीम पर तैयार पैमप्लेटों का वितरण किया तथा लोगों को सत प्रतिशत मतदान करने की समझाइश के साथ अपील की तथा ड़ड़÷सारे काम छोड़ दो-सबसे पहले वोट दो÷ और ÷जन जन की है यही पुकार-वोट डालना अबकी बार÷ के नारे लगाते हुए जन-जागरूकता रैली निकाली गई, इस जागरूकता रैली के माध्यम से लोंगों में उत्साह नजर आया।

## आगामी त्योहारों एवं लोकसभा चुनावों के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के निर्देशन में जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये थाना स्तर पर

## शांति समिति की बैठक ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये





**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- दिनांक 21.03.2024 को थाना सीहोर , अमोला , करैरा नरवर, इंदार, कोतवाली , देहात मे शांति समिति की मीटिंग ली गयी है पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड के निर्देशन मे समस्त थाना स्तर पर शांति समिति की मीटिंग बुलाई गई । पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को आगामी त्योहारों एवं चुनावों के चलते क्षेत्र मे शांति बनाये रखने हेतु लगातार निर्देशित किया जा रहा है । जिसके चलते आज थाना स्तर पर थाना सीहोर, अमोला, करैरा, नरवर,इंदार, कोतवाली ,देहात मे शांति समिति के सदस्यों की मीटिंग ली गयी है । शांति समिति की मीटिंग मे सभी समाजों के गणमान्य नागरिक एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित हुये । इस बैठक में आगामी त्योहारों को शांति एवं सद्ड़भाव पूर्ण मनाये जाने हेतु चर्चा की गयी, जिसमें समी लोगों ने अपनी सहमति दी । आगामी त्योहारों होली, ईद एवं चुनावों पर क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु चर्चा की गयी । पुलिस द्वारा समस्त आमजन से अपील की है कि आगामी त्योहारों एवं चुनावों मे शांति व्यवस्था बनाये रखें व आपसी मेल जोल व सदभावना के साथ त्योहारों को मनाये । यदि कोई व्यक्ति शांति सदभाव को बिगाड़ता है तो उसके खिलाफ शख्त से शख्त कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

## अटल भू-जल योजना का जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजली टुडे की खबर**

पन्ना। जिला पंचायत कार्यालय के सभागार में बुधवार को अटल भू-जल योजना का जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस मौके पर भोपाल से आए विशेषज्ञ डॉ. सुभाष सिंह एवं जेण्डर एक्सपर्ट संगीता जोशी ने वाटर सिक्योरिटी प्लान पुनरीक्षण के बारे में सहयोगी विभागों के अधिकारियों के साथ चर्चा की। बैठक में सप्लाई साइट के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में क्रियान्वित जल संरचना संबंधी विभिन्न कार्यों की कार्ययोजना के बारे में जानकारी ली एवं निर्धारित लक्ष्य अनुरूप अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। विभागीय अधिकारियों से अजयगड़ विकासखण्ड में वर्तमान वित्तीय वर्ष में संचालित हुए विभिन्न कार्यों की प्रगति संबंधी जानकारी भी प्राप्त की। बैठक में जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक चतुर्वेदी, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार, सीएमओ शशिकपूर गड़पाले सहित पशुपालन, वन, मत्स्य विभाग, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी तथा जनपद पंचायत सीईओ सतीश सिंह नागवंशी, डीपीएमयू एवं डीआईपी के एक्सपर्ट उपस्थित रहे। जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक आनंद पाण्डेय द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अटल भू-जल के नोडल अधिकारी सतीश नामदेव ने आभार व्यक्त किया।

## सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

**रीतेश अवस्थी**

**पुष्पांजली टुडे**



दमोह। शहर के असाटी वार्ड नंबर एक संस्कार भवन में असाटी महिला मंडल समिति के द्वारा चलाई जा रही मासिक सुंदरकांड की श्रृंखला की मार्च माह की आयोजक श्रीमती प्रियंका नितेश असाटी कटारिया परिवार रही जिसमें सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ असाटी समाज में प्रति माह हर परिवार से एक बहन आगे आकर इस श्रृंखला को नियमित रूप से कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में पूर्ण सहभागिता दे रही है कार्यक्रम के शुभारंभ में राम



दरबार के समक्ष पूजा अर्चना कर सुंदरकांड का आरंभ असाटी समाज की बहनों के द्वारा किया गया जिसमें श्रीमती रानी असाटी ,श्रीमती बसंती असाटी, श्रीमती अनीता असाटी ,श्रीमती मेघा असाटी, ने विशेष रूप से सुंदरकांड पाठ में सुंदर गायन ढोलक, झूला ,मंजीरे की जिम्मेदारी संभालते हुए सुंदरकांड को सफल बनाया जिसमें समाज की उपस्थित सभी बहनों ने सहयोग प्रदान किया।सुंदरकांड के पश्चात सभी ने हनुमान चालीसा कर सामूहिक आरती की वही आयोजक श्रीमती प्रियंका असाटी के द्वारा विशेष सहयोग प्रदान करने वाली चारों बहनों को सुंदर उपहार देते हुए धन्यवाद दिया। प्रसाद वितरण एवं जलपान के साथ कार्यक्रम का सफल समापन किया गया।

## ग्राम पंचायत सिरसौद में 8 अप्रैल को ग्राम न्यायालय का आयोजन

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम न्यायालय की बैठक आयोजित की जाएगी। यह ग्राम न्यायालय ग्राम पंचायत भवनों में लगाए जाएगें। इसी क्रम में 8 अप्रैल को ग्राम पंचायत सिरसौद में ग्राम न्यायालय का आयोजन किया जाएगा। न्यायाधिकारी जनपद पंचायत शिवपुरी जितेन्द्र मेहर ने बताया है कि ग्राम न्यायालय के लिए तिथियां निर्धारित की गई है। जिसके तहत 8 अप्रैल को ग्राम पंचायत सिरसौद, 22 अप्रैल को ग्राम पंचायत सतनवाड़ा में, 13 मई को ग्राम पंचायत सुरवाया में तथा 27 मई को ग्राम पंचायत सुभाषपुरा में, 10 जून को ग्राम पंचायत सिरसौद, 24 जून को ग्राम पंचायत सतनवाड़ा में ग्राम न्यायालय की बैठक होगी।

# लोकोपयोगी लोक अदालतों के उद्देश्य होने लगे साकारः श्रीमती अर्चना सिंह

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-विधिक सेवा प्राधिकरण जहाँ अनुसूचित जाति/जनजाति, महिलाओं, बच्चों, सार्वजनिक हिंसा से ग्रसित पीड़िता व्यक्तियों अथवा जेल बंदियों को निःशुल्क विधिक सेवाऐं प्रदान करता था अथवा लोग अदालतों एवं मध्यस्थता योजना के माध्यम से पक्षकारों को शीघ्र, सस्ता, सुलभ और निःशुल्क न्याय प्रदान करता था और वहीं एक ओर विधिक सेवा प्राधिकरण प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण अथवा न्यायालयीन विचाराधीन मामलों के निराकरण के माध्यम से न्यायालय के बोझ को प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से कम करने में लगा हुआ है। इसके अतिरिक्त एक अन्य व्यवस्था जिसके माध्यम से मौजूदा लोक अदालतों की कमियों को दूर करने के लिये, नियमित लोक अदालतों के कार्यभार को कम करने एवं विवादों का पूर्व मुकदमेवाजी सुलह एवं समझौते के माध्यम से निराकरण कराने के लिये एक बड़ी महत्वपूर्ण व्यवस्था लोक उपयोगी सेवाओं की लोक अदालत जिस उद्देश्य से बनाई गई थीं, अब साकार रूप लेने लगी हैं। चाहे विषय हवा, सड़क अथवा जल के द्वारा यात्रियों अथवा माल के लिए परिवहन सेवा या पोस्टल, टेलीफोन या दूरभाष या किसी भी स्थापना द्वारा जनता को विद्युत प्रकाश या जल की आपूर्ति या सार्वजनिक सुरक्षण या स्वच्छता की प्रणाली या अस्पताल या डिस्पेन्सरी में सेवा या बीमा सेवा या आवासीय और संपदा ऐसे विषय जिनसे एक व्यक्ति भी प्रभावित हो सकता है और वहीं संपूर्ण जनसामान्य वर्ग या लोग प्रभावित होते हैं ऐसी समस्याओं के निराकरण के लिये केई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह, कंपनी, फर्म या संस्था या स्वयं कोई व्यक्ति या अधिकृत प्रतिनिधि, लोकोपयोगी सेवाओं की लोक अदालत के समक्ष अपना विषय रखकर, समाधान करा सकते हैं।

विशेष-जिला मुख्यालय शिवपुरी के शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय, कोर्ट रोड़ एवं शाकीसय प्राथमिक विद्यालय, फतेहपुर जहां हजारों की संख्या में छात्र-छात्राऐं पड़ने के लिये जाते हैं, किन्तु इन विद्यालयों में नियमित साफ-सफाई न होने और न हीं पेयजल अथवा शौचालय हेतु उपयोग किये जाने बावत् पानी की व्यवस्था न होने से पड़ने वाले छात्र-छात्राऐं पानी की कमी से होने वाली अंदरूनी बिमारियों के शिकार होते और शौचालय जैसे स्थान की साफ-सफाई न होने अथवा स्वस्छ शौचालय की अभाव में बाह्य बिमारियों से शिकार होते । ऐसी गंभीर समस्या को देखकर सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती रेणु सांखला ने दिनांक 11.04.2023 को लोकोपयोगी सेवाओं की लोक अदालत के समक्ष आवेदक प्रस्तुत किया। विषय की गंभीरता को देखते हुये लोकोपयोगी सेवाओं की लोक अदालत की पीठासीन अधिकारी श्रीमती अर्चना सिंह, जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिवपुरी ने स्थान का निरीक्षण किया, तत्पश्चात् मामले को रजिस्टर्ड किया। श्रीमती सांखला के आवेदनानुसार कलेक्टर/जिलाधीश, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, शिक्षा विभाग, प्रधान अध्यापक शासकीय कन्या मा0 वि0 कोर्ट रोड, प्रधानाध्यापक शा0 प्रा0 वि0 फतेहपुर, संकुल प्रभारी, शा0 कन्या मा0 वि0 कोर्ट रोड के विरूद्ध आवेदन होने से उपरोक्त सभी को मामले में पक्षकार बनाया गया। जनोपयोगी लोक अदालत की प्रक्रिया के दौरान संज्ञान में आया कि समस्त शासकीय विद्यालयों की आवश्यक संरचना, शौचालय की साफ-सफाई, रख-रखाव व मरम्मत, पानी की व्यवस्था नगरपलिका द्वारा की जाना चाहिए। इस हेतु आवेदिका रेणु सांखला के अधिवक्ता द्वारा कई बार नगरपालिका को आवेदन किए गए किन्तु नगरपालिका द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई और आवेदक बार-बार नगरपालिका के चक्कर लगाते रहे, जबकि नगरपालिका के अधिकारी यह कहकर आवेदक को लौटाते रहे कि स्कूल की साफ-सफाई की जिम्मदारी, स्कूल में नियुक्त स्वीपर की होती है और इसके लिये विद्यालय प्रशासन जिम्मेदार है। इस प्रकार दोनों एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारेप करते रहे किन्तु दोनों विद्यालयों के छात्र-छात्राऐं पानी अथवा शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाऐं न होने से परेशान थे। परिणामस्वरूप आवेदक की ओर से उपस्थित अधिवक्ता एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत शासकीय निर्देश, जिसमें मुख्य रूप से नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल के माध्यम से खण्डपीठ के समक्ष जानकारी दी गई कि नगरपालिका की जिम्मेदारी नगरीय निकायों की शालाओं के शौचालय की न केवल नियमित साफ-सफाई, बल्कि पेयजल उपलब्ध कराने, वाउण्ड्रीवाल कराने, पुताई एवं विद्युत सुविधा एवं विद्युत देयकों की जिम्मेदारी भी नगरपालिका की है। दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात् श्री अर्चना सिंह, जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने नगरपालिका को न केवल शासकीय कन्या मा0 विद्यालय कोर्ट रोड व शा0प्रा0विद्यालय फतेहपुर के शौचालयों के निर्माण हेतु आदेशित किया गया बल्कि शिक्षा उपकर से प्राप्त होने वाली राशि की जानकारी ली जाकर नगरपालिका के सफाई कर्मियों का ड्यूटी चार्ट बुलाकर उक्त ड्यूटी चार्ट में से नगरपालिका क्षेत्र के कुल 37 शासकीय विद्यालयों की साफ-सफाई हेतु नगरपालिका के सफाई कर्मियों का ड्यूटी चार्ट तैयार करवा कर उक्त ड्यूटी चार्ट अनुसार क्षेत्रिय सफाई कर्मियों से शासकीय विद्यालयों के शौचालयों की प्रत्येक सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को सफाई सुनिश्चित करवाई। इस प्रकार दोनों विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को शौचालय एवं पेयजल जैसी गंभीर समस्या से निदान मिला एवं इस प्रकार हवा, सड़क अथवा जल के द्वारा यात्रियों अथवा माल के लिए परिवहन सेवा या पोस्टल, टेलीफोन या दूरभाष या किसी भी स्थापना द्वारा जनता को विद्युत प्रकाश या जल की आपूर्ति या सार्वजनिक सुरक्षण या स्वच्छता की प्रणाली या अस्पताल या डिस्पेन्सरी में सेवा या बीमा सेवा या आवासीय और संपदा जैसे समस्याओं से पीड़ित जनसामान्य भी जन उपयोगी सेवाओं की लोक अदालत में मामले लगाकर लोकहित में निःशुल्क न्याय प्राप्त कर सकता है। लोकोपयोगी लोक अदालत अंतर्गत अपनाई जाने वाली संपूर्ण प्रक्रिया निःशुल्क है।

## एक नजर...

### गोहद चोराहा थाना परिषर में हुई त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक

दैनिक पुष्पाजलि टुडे



गोहद चौराहा थाना परिसर में त्योंहारों के चलते शांति समिति की बैठक आयोजित की गई ।गोहद चौराहा थाना परिसर में ईद,रमजान एवं होली के त्योहारों को लेकर शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें थाना प्रभारी बृजेंद्र सिंह सेंगर द्वारा सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी त्योहारों को शालीनता और भाईचारे के साथ मनाएं। वहीं लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। जिसका पालन करते हुए शांतिपूर्ण मतदान करने में भी सहयोग करें एवं सभी लाइसेंसी शस्त्रों को अपने नजदीक के थानों में जमा कराऐं । वहीं बैठक में शामिल लोगों से भी सुझाव मांगे गए। बैठक में गणमान्य नागरिक, व्यापारी बंधुओ सहित लगभग आधा सैकड़ा लोग शामिल हुए।थाना प्रभारी ने भी सभी को सुरक्षा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

### मौ थाना परिसर में हुई त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक

डॉ बेताल सिंह गौड़ पुष्पाजलि टुडे रिपोर्टर मौ





मौ। थाना परिसर में त्योंहारों के चलते शांति समिति की बैठक आयोजित की गई ।मौ थाना परिसर में ईद,रमजान एवं होली के त्योहारों को लेकर शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मौ थाना प्रभारी डॉ संतोष यादव द्वारा सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी त्योहारों को शालीनता और भाईचारे के साथ मनाएं। वहीं लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। जिसका पालन करते हुए शांतिपूर्ण मतदान करने में भी सहयोग करें एवं सभी लाइसेंसी शस्त्रों को अपने नजदीक के थानों में जमा कराऐं। वहीं बैठक में शामिल लोगों से भी सुझाव मांगे गए बैठक में मौ नगर के गणमान्य नागरिक, व्यापारी बंधुओ सहित लगभग आधा सैकड़ा लोग शामिल हुए। थाना प्रभारी ने भी सभी को सुरक्षा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

### सी-विजिल एप से 100 मिनट में होगा निराकरण

**ग्वालियर।** लोकसभा निर्वाचन के दौरान आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन संबंधी सूचना व शिकायतें कोई भी आम नागरिक आसानी से दर्ज करा सकता है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू किए गए सी-विजिल एप पर आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित फोटो अथवा वीडियो डालकर आनलाइन शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इस एप को गूगल प्ले स्टोर से आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी रुचिका चौहान ने सी-विजिल एप के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों का निराकरण हर हाल में 100 मिनट के भीतर करने के निर्देश एफएसटी (उड़न दस्ता दल) को दिए हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल आनलाइन एप शुरू किया गया है। जिस पर कोई भी व्यक्ति पिक्चर (फोटो) अथवा वीडियो अपलोड कर शिकायत दर्ज कर सकता है। यह एप भौगोलिक सूचना प्रणाली द्वारा स्वचालित है। कोई भी नागरिक आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी फोटोग्राफ या वीडियो अपने मोबाइल फोन से इस एप पर भेज सकता है। ऐसा करते ही रिटर्निंग अधिकारी व सहायक रिटर्निंग अधिकारी सहित उस क्षेत्र की एफएसटी टीम को पता लग जाता है और शिकायत के निराकरण की कार्रवाई तत्परता से की जाती है। यह एप केवल आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के बारे में शिकायतें प्राप्त करेगा। गलत फोटोग्राफ या वीडियो अपलोड करने से रोकने की व्यवस्था भी इस एप में है। इस एप द्वारा खींची गई फोटो व वीडियो फोन गैलरी में सेव नहीं होंगे। शिकायत के निराकरण की सूचना शिकायतकर्ता को भी दी जाती है।

### बीच डगर में जीवनसाथी ने छोड़ा साथ, संघर्ष को चुनौती मान बच्चों को लगा रहे पंख

**ग्वालियर।** पति और पत्नी एक दूसरे के पूरक हैं। पति जहां बाहर के सारे काम संभालता है। आय अर्जन करता है। वहीं पत्नी घर, परिवार और बच्चों को संभालती है, लेकिन इन दोनों में से यदि कोई एक यदि साथ छोड़ जाता है, तो जीवन मुश्किलों भरा हो जाता है। एक ही व्यक्ति पर घर और बाहर की जिम्मेदारी आ जाती है। जीवन का सफर संघर्षमय हो जाता है। गुरुवार को सिंगल पैरेंट डे के अवसर पर हम आपको ऐसे ही सिंगल पैरेंट से परिचित कराने जा रहे हैं, जिन्होंने संघर्ष को चुनौती के रूप में लिया और बच्चों को आगे बढ़ाया। मेरे पति कोरोना की पहली लहर में नहीं रहे। उस समय मेरी बेटी फरीन इंजीनियरिंग कर चुकी थी और आगे की डिग्री के लिए कालेज सर्च कर रही थी और बेटे की 12वीं की परीक्षा हुई थी। वह भी कालेज ढूंढ रहा था। उनके अचानक चले जाने से ऐसा लगा जैसे सब कुछ खत्म हो गया हो, लेकिन बच्चों ने मुझे और मैंने बच्चों को संभाला और उसी एनर्जी के साथ कालेज ढूंढा और प्रवेश कराया। हालांकि इनकम का जरिया खत्म हो गया था, लेकिन मैंने अपने पार्लर को आगे बढ़ाया। दिन-रात मेहनत की और आज बेटी लंदन से एमएस कर रही है व बेटा बीएससी बायोटेक कर रहा है। इस बीच जीवन में काफी उतार-चढ़ाव भी आए, लेकिन कभी घबराई नहीं। महंगी पढ़ाई के लिए मैंने बैंक से लोन लिया। परिवार ने भी मेरा पूरा सपोर्ट किया। मेरे पति रीतेश गुप्ता को कैंसर हो गया था। उनका काफी इलाज कराया, लेकिन सफलता नहीं मिली।

# पहली बार महिला बाल विकास ने कराई तैयार, हर थाने-कोचिंग तक पहुंचेंगी

ग्वालियर। बेटियों की सुरक्षा तभी होगी जब उनकी बात सुनी जा सकेगी। बेटियों की सुरक्षा के लिए बेटी की पेटी के नवाचार में अब इन पेटियों की संख्या बढ़ाई जा रही है। पहली बार महिला एवं बाल विकास विभाग ने बेटी बचाओ के बजट से नई बेटी की पेटियों को तैयार कराया है। इन नई पेटियों में महिला हेल्पलाइन के साथ जरूरी जानकारियां भी अंकित की गई हैं। 20 से ज्यादा पेटियां महिला एवं बाल विकास विभाग ने तैयार कराई हैं जो हर परियोजना अधिकारी को दी जाएगी। परियोजना अधिकारी के माध्यम से थानों और कोचिंग संस्थानों के बाहर इन्हें स्थापित कराया जाएगा। इसके साथ ही ऐसे सार्वजनिक स्थल जहां छात्राओं व युवतियों का आवागमन ज्यादा रहता है, वहां भी पेटी लगाई जाएंगी।

बता दें कि शहर में महिला और बेटियों की सुरक्षा को लेकर हाल में ही जिम्मेदार विभागों पर सवालिया निशान लग चुके हैं। शहर में कुछ समय पहले हुए अक्षया हत्याकांड सहित कुछ ऐसे घटनाक्रम हुए जिसमें पुलिस से लेकर प्रशासन के अधिकारियों की लापरवाही सामने आई। अक्षया जिस कोचिंग में पढ़ती थी वहां अधिकारी भी निरीक्षण के लिए गए थे लेकिन तब वह अपनी परेशानी साझा नहीं कर सकी थी। इससे पहले अक्षया व उसके परिवार ने पुलिस अधिकारियों के साथ अन्य फोरम पर परेशान करने वाले युवकों की शिकायत की थी लेकिन किसी ने नहीं सुनी। इसके बाद घटना हो गई और अक्षया की सहेली को टारगेट करने आए बदमाश युवकों की गोली अक्षया को लग गई। अब सहेली व उसका परिवार दहशत में है। इसके बाद शहर में अन्य घटनाक्रमों ने भी सिस्टम को कटघरे में खड़ा कर दिया था। डीपीओ डीएस जादौन ने बताया कि हर थाने में बेटी की पेटी जल्द लगेंगी व कोचिंगों पर भी दिखेंगी। ग्वालियर में कुल 10 परियोजना हैं और अब परियोजना अधिकारियों को यह बेटी की पेटियां भेजी जा रहीं हैं। हर परियोजना अधिकारी को कम से कम दो पेटी स्थापित कराने का जिम्मा दिया गया है। इसके साथ ही अस्पतालों से लेकर दूसरे स्थानों का भी चयन किया गया है।




# राजकीय सम्मान के साथ हुआ शहीद एएसआई नाथूराम गोड़ सीआईएसएफ का अंतिम संस्कार

**गार्ड ऑफ ऑनर के साथ दी अंतिम सलामी, शहीद के अंतिम संस्कार में उमड़ा भारी जनसैलाब**





**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

दबोह। दबोह थाना अंतर्गत ग्राम डडुआ निवासी नाथूराम गोड़ (दोहरे) जो कि गोवा में एयपोर्ट पर तैनात थे।उनका 19 मार्च 2024 की रात्रि 10 बजे डुयूटी के दौरान हार्टअटैक आने से निधन हो गया था।उनकी पार्थिक देह को गुरुवार को भिण्ड जिले के लहार अनुभाग के दबोह थाना क्षेत्र ग्राम डडूआ में सुबह 10 बजे जवान लेकर आये ।पूरा गांव शहीद के दर्शन के लिए उमड़ पड़ा।कई क्षेत्रीय नेतागण भी उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुआ।शहीद नाथूराम का पूरे राजकीय सम्मान के दाह संस्कार किया गया और वो पंचतत्व में विलीन हो गए।वह अपने पीछे दो पुत्र शेर सिंह(रिंकू), मेधपाल सिंह(सोनू)दो बेटी खुशबू व आयुषी छोड़ कर गए है जिनमे दोनों बेटों व एक बेटी की शादी हो चुकी।शहीद नाथूराम का पार्थिक देह गोआ से उनके साथी एएसआई एस एस जायसवाल फ्लाइट से दिल्ली व दिल्ली



से एम्बुलेंस से ग्राम डूआ पहुचे जबकि ग्वालियर से 1/5 का गार्ड भी साथ मे आया।एम्बुलेंस से जैसे ही पार्थिक देह ताबूत में तिरंगा से लिपटे उनका पार्थिक देह देख कर सबकी आंखे नम हो गई।वहीं परिजनो का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।सभी ग्रामीणों ने पुष्प माला पहनाकर शहीद का सम्मान किया।कंपनी द्वारा शहीद को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

### ग्वालियर में एक भी मंदिर खुद नहीं बना रहा प्रसाद इसलिए ईट राइट में नहीं

**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक भी मंदिर ऐसा नहीं है जो श्रद्धालुओं के लिए खुद प्रसाद बना रहा हो। यही कारण है कि ग्वालियर का एक भी मंदिर ईट राइट अभियान में शामिल नहीं हो सका है। अगर ऐसा होता तो प्लेस आफ वर्शिप में मंदिर या किसी भी धर्मस्थल को शामिल किया जा सकता था। शहर के बड़े प्रमुख मंदिर अचलेश्वर से लेकर सांईबाबा मंदिर हैं, इनके बड़े ट्रस्ट है लेकिन यहां प्रसाद बाहरी दुकानदारों द्वारा ही विक्रय किया जाता है। दतिया में पीतांबरा पीठ में प्रसादम जैसी यहां कहीं भी व्यवस्था नहीं है। खाद्य सुरक्षा के अधिकारियों का कहना है कि मंदिर प्रबंधनों से इसको लेकर संपर्क किया जा रहा है जिससे अगले अभियान में शहर के एक या दो मंदिर या अन्य धर्मस्थलों को ईट राइट में शामिल किया जा सके। वहीं आगामी होली के त्योहार के चलते शहर में सैंपलिंग बढ़ा दी गई है। बता दें कि एफएसएसएआई की ओर से भारत सरकार का ईट राइट अभियान है। इसमें ग्वालियर में ईट राइट कैंपस में 13 स्थल शामिल हैं और ग्वालियर स्टेशन व डबरा स्टेशन परिसर भी ईट राइट में शामिल हो गए हैं।

# दबोह में बड़ी मात्रा में रोजाना पक रहा था मिलावटी मावा, खाद्य विभाग ने की छापामार कार्यवाही





**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

दबोह। दबोह नगर व क्षेत्र में बड़ी मात्रा में रोजाना मिलावटी खोया पकाया जा रहा है और इसकी सप्लाई दबोह से ग्वालियर, झांसी, इंदौर आदि कई जगह दी जा रही है। परंतु खाद्य औषधि विभाग भी केवल त्यौहार आने पर ही इनपर कार्यवाही करता है।दरअसल गुरुवार को फूड सेफ्टी टीम ने दबोह में दस्तक दी जिसके चलते उन्होंने गायत्री नगर स्तिथ सुनील शिवहरे की डेयरी से छापामारी कार्यवाही कर सैम्पल भरे।उसके बाद उन्होंने शाहपुरा नम्बर 01 से भी हुकुम सिंह नरवरिया की डेयरी से मावे का सेम्पल लिया।

**पुलिस ने सुबह पकड़ा था बाहर जाने वाला 5 डलिया मावा**–सूत्रों की माने तो दबोह थाना पुलिस ने गुरुवार को बस से सप्लाई होकर बाहर जाने वाले खोए की 5-6 डलियां रतनपुरा तिराहे से बरामद की हैं।जो कि होली के त्यौहार के चलते बाहर बाजार में मिठाईयों में इस्तेमाल होने के लिये सप्लाई किया जा रहा था।फिलहाल तो दबोह पुलिस ने मावा खाद्य विभाग को सुपुर्द कर दिया है।

**रोजाना बसों व चारपहिया वाहनों से सप्लाई हो रहा मिलावटी मावा**–त्यौहार आते ही दबोह से बाहर जाने वाले मावे की सप्लाई जोर पकड़ लेती है।सूत्रों की माने तो दबोह से सुबह वालियर,झांसी,इंदौर,भिण्ड आदि जगह वाली बसों से रोजाना क्विंटलो खोया बाहर सप्लाई होता है जिसे बाजार में बिकने वाली मिठाइयों में इस्तेमाल किया जाता है।परंतु फिर भी खाद्य विभाग इनपर अपना शिकंजा नही कस पा रहा है।वहीं थाना प्रभारी दबोह ने कहा कि मिलावटी मावे की सप्लाई को रोकने के लिये पुलिस द्वारा भरकस प्रयास किये जायेंगे और मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर बसों व चार पहिया वाहनों से बाहर सप्लाई होने वाले मावे पर निगरानी रखी जायेगी जिससे समय पर कार्यवाही की जा सके।आगे उन्होंने बस संचालको को भी हिदायत देते हुए कहा कि जिस किसी के वाहन में मावा पकड़ा उसके वाहन पर भी विधिवित रूप से कार्यवाही की जाएगी।

### इनका कहना

गुरुवार को मिलावटी मावा बनने की सूचना प्राप्त हुई जिसके चलते 2 जगह डेयरियों से सेम्पल लिया गया।आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी।

**रीना बंसल**
**खाद्य अधिकारी भिण्ड**

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478